प्रशिक्षु समाहित डिग्री कार्यक्रम

(APPRENTICESHIP EMBEDDED DEGREE PROGRAMME)

पवन हंस हेलीकॉप्टर प्रशिक्षण संस्थान (पीएचटीआई) को अपने दूरदर्शी तथा यूजीसी द्वारा अनुमोदित बीएससी (एरोनॉटिक्स) को प्रस्तुत करने पर हर्ष महसूस हो रहा है। मुंबई विश्वविद्यालय, GICED के सहयोग से एरोनॉटिक्स में विकसित प्रशिक्षु समाहित डिग्री कार्यक्रम (AEDP), पूरी तरह से राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (MSDE) द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुरूप है।

तीन वर्षीय बी एस सी पाठ्यक्रम के साथ साथ नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के द्वारा अनुमोदित एयरक्राफ्ट मेंटेनन्स इंजीनियरींग (एएमई) (बी1.3 हेलीकॉप्टर टरबाइन) का पाठ्यक्रम भी कराया जाता है। इस पाठ्यक्रम के द्वारा छात्रों को अकादमिक तथा औद्योगिक ज्ञान के अनुभव का एक अनूठा मिश्रण मिलता है ।

प्रमुख विशेषताएं:

- पांचवीं और छठी सेमेस्टर के दौरान छात्रों को औद्योगिक प्रशिक्षु दिया जाता है।
- चयनित छात्रों को सरकार द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार फेलोशिप भत्ता देने का प्रावधान है।
- छात्रों को बीएससी एरोनॉटिक्स डिग्री और डीजीसीए एएमई लाइसेंस की पात्रता सफलतापूर्वक पूरा होने पर मान्यता प्रमाण पत्र दिया जाता है।
- छात्रों को कौशल और रोजगार के लिए वैश्विक एविएशन उद्योग में प्रशिक्षण दिया जाता है।

इस कार्यक्रम के द्वारा, पी एच टी आई का मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक शिक्षा और उद्योग की आवश्यकताओं के बीच अंतर को कम करने के साथ साथ छात्रों को विमानन क्षेत्र में सफल करियर बनाने के लिए आवश्यक कौशल और योग्यता को प्रदान करना भी है।